नक्षत्र सभा

चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड ने लोगों को व्यापक [खगोल पर्यटन अनुभव](#) प्रदान करने के लिये एक नई पहल, [नक्षत्र सभा](#) शुरू करने हेतु एक प्रमुख खगोल-पर्यटन कंपनी, **स्टारस्केप्स** के साथ समन्वय किया है।

मुख्य बिंदु:

- यह अभियान **कई प्रकार की गतिविधियों की पेशकश** करेगा, जिसमें तारों को देखना, विशेष सौर अवलोकन, एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता, तारों के अवलोकन हेतु शिविर लगाना व अन्य शामिल हैं।
- इस पहल का उद्देश्य **खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों और यात्रियों** को ब्रह्मांड के चमत्कारों को देखने के लिये एक साथ लाना है।
    - उत्तराखंड अपने समृद्ध वन क्षेत्र, प्रकृति-आधारित पर्यटन, प्रमुख शहरों तक सुविधाजनक पहुँच और होमस्टे सहित अच्छी तरह से स्थापित आतिथ्य क्षेत्र के साथ विश्व भर में खगोल पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये उपयुक्त है।
- **मसूरी** में **जॉर्ज एवरेस्ट** को जून की शुरुआत से वर्ष 2025 के मध्य तक नक्षत्र सभा की मेज़बानी करने के लिये तैयार किया गया है, जिसमें पूरे उत्तराखंड में विभिन्न स्थानों पर कई आकर्षक कार्यक्रम पेश किये जाएंगे।
    - ये आयोजन खगोल विशेषज्ञों के नेतृत्व में सेमिनार और वेबिनार के साथ-साथ **उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, नैनीताल** एवं **चमोली** जैसे ज़िलों में **बेहतर नाईट स्काई अवलोकन स्थलों** का पता लगाएंगे।
- उत्तराखंड में **नाईट स्काई के संरक्षण के लिये** प्रतिबद्ध समर्थकों का एक समुदाय बनाकर, नक्षत्र सभा अभियान का उद्देश्य नाईट स्काई का संरक्षण करते हुए पेशेवर प्रशिक्षण, कौशल विकास को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करना है।
    - यह वर्ष 2025 में पूरे क्षेत्र में नाईट स्काई को संरक्षित करने के लिये एक नीति स्थापित करने की योजना बना रहा है।

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड

- यह उत्तराखंड राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये ज़िम्मेदार एक सरकारी निकाय है।
- इसकी **स्थापना वर्ष 1976 में** हुई थी और इसका **मुख्यालय देहरादून** में है।
- UTDB पर्यटन बुनियादी ढाँचे को **विकसित करने और बढ़ावा देने**, **निवेश को आकर्षित करने** एवं उत्तराखंड को एक पर्यटन स्थल के रूप में बाज़ार में लाने के लिये कार्य करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nakshatra-sabha